**अरित्र मुखर्जी / मनोज कुमार शर्मा / मीनाक्षी** **07/03**/2026

प्रसार भारती

(भारत का लोक सेवा प्रसारक)

प्रादेशिक समाचार एकाश

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

मॉनिटरिंग - राकेश दोले

**Signature Tune**

नमस्कार**!** प्रादेशिक समाचार के साथ मैं**, मनोज कुमार शर्मा!**

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने 'उन्यीङ आरान' उत्सव के अवसर पर राज्य के लोगों, विशेष रूप से आदी जनजाती को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि हर साल मार्च में मनाया जाने वाला यह उत्सव, आदी समुदाय के नए वर्ष और एक नए कृषि चक्र की शुरुआत का प्रतीक है। चूहों को फँसाने जैसी पारंपरिक प्रथाओं पर आधारित यह उत्सव, प्रकृति और टिकाऊ खेती के प्रति समुदाय की गहरी समझ को दर्शाता है। सदियों पुरानी प्रथाएँ, धान की फसल की बुवाई से पहले, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखते हुए फसलों की सुरक्षा करने में सहायक होती हैं। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि समुदाय के बुज़ुर्ग, युवा पीढ़ी को अपनी पारंपरिक बुद्धिमत्ता को सँजोने, ज़िम्मेदार खेती को बढ़ावा देने और हमारे बहुमूल्य जीव-जंतुओं व वनस्पतियों की

सुरक्षा तथा संरक्षण के प्रति समर्पित रहने के लिए निरंतर मार्गदर्शन देते रहेंगे।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने नाहरलगन स्थित 'अगस्त वीमेंस क्लिनिक और IVF सेंटर' का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की सुविधाएं कई परिवारों को उन्नत फर्टिलिटी केयर और उम्मीद देने में अहम भूमिका निभाती हैं। श्री खांडू ने मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जोमसन बागरा की भी सराहना की, जिन्होंने ऐसी पहल की है जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिली साथ ही रोज़गार के अवसर भी सृजित हुए हैं।

0000000000000000000000

संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) ने कल सिविल सेवा परीक्षा, 2025 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। अरुणाचल प्रदेश के डॉ. ज़िंग मेसार ने दूसरी बार भी सिविल सेवा परीक्षा, 2025 सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया।

0000000000000000000000

ग्यारहवें अरुणाचल फ़िल्म महोत्सव के दूसरे दिन, शॉर्ट फ़िल्म ग्रांट पिच के लिए चुने गए छह प्रतिभागियों ने एक प्रतिष्ठित जूरी के सामने अपने प्रोजेक्ट के आइडिया पेश किए। इन जूरी में मशहूर फ़िल्म

**'लापता लेडीज़'** के लेखक बिप्लब गोस्वामी, नेशनल अवॉर्ड विजेता निर्देशक सनी जोसेफ़ और कौशिक दास शामिल थे। इस सत्र ने उभरते हुए फ़िल्म निर्माताओं को अपने विज़न पेश करने और अनुभवी पेशेवरों से अहम सुझाव पाने के लिए मंच प्रदान किया। स्क्रीनिंग सेशन की शुरुआत रेमंड कोल्नी की फ़िल्म '1999 - हीरेथ (Hiraeth)' से हुई, जिसके बाद निर्देशक के साथ बातचीत का आयोजोन हुआ। इस दिन का एक मुख्य आकर्षण 'Rewriting the Narrative: Women Shaping the Future of Cinema' शीर्षक वाला पैनल चर्चा रहा।

0000000000000000000000

महिला एवं बाल विकास विभाग ने आज ईटानग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक विशाल मैराथन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दो श्रेणियां थीं पहला प्रतिस्पर्धी दस किलोमिटर मैराथन और दुसरा पांच इलोमिटर की 'फन रन'। यह कार्यक्रम 'मिशन शक्ति' के तहत भी एक मंच के रूप में उभरा, जो महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए सरकार की एक प्रमुख पहल है। WCD विभाग ने यह भी घोषणा की कि आगामी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोहों में 'महिला उपलब्धि पुरस्कार योजना' को भी शामिल किया जाएगा; यह एक ऐसा समारोह होगा जो उन स्थानीय अग्रणी महिलाओं को सम्मानित करने के लिए समर्पित है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में बाधाओं को तोड़कर सफलता हासिल की है।

0000000000000000000000

ज़ीरो लिटरेरी फेस्टिवल का छठा संस्करण आगामी बीस और इक्कीस मार्च को सेंट क्लैरेट कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। इसका आयोजन Pinewood Organisation of Literature द्वारा, लोअर सुबनसिरी के ज़िला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। इस साहित्यिक उत्सव में बातचीत और पैनल चर्चाएँ, कविता, साहित्य, लाइव प्रस्तुतियाँ, फ़िल्म निर्माण, गेमिंग और AI, पॉडकास्ट निर्माण और मीडिया जैसे विषय शामिल होंगे।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग, ईटानगर और अरुणाचल लाइफ सेविंग फाउंडेशन - ALSF ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर, "Give to Gain" थीम के तहत, RK मिशन अस्पताल में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन 'मिस यूनिवर्स अरुणाचल प्रदेश' के सहयोग से किया गया। ALSF के चेयरमैन रमेश जेके ने रक्तदान के मुख्य बिंदुओं और इससे कैसे जानें बचाई जा सकती हैं, इस पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि रक्तदान का यह सम्मानजनक कार्य न केवल रक्त प्राप्त करने वाले के लिए, बल्कि रक्तदाता के लिए भी फायदेमंद हो सकता है।

0000000000000000000000

इक्यावनवें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में, दोइमुख स्थित राजीव गांधी विश्वविद्यालय के महिला अनुसंधान अध्ययन केंद्र के अंतर्गत सपताह भर तक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है। इसका संचालन विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान को पहचानते हुए उनका उत्सव मनाना है, साथ ही लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े मुद्दों के प्रति अधिक जागरूकता पैदा करना है।

0000000000000000000000

आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व कप के ख़िताबी मुकाबले में कल शाम भारत और न्यूजीलैंड आमने सामने होंगे। यह मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शाम 7 बजे से खेला जाएगा। हालांकि टी20 मुकाबलों में भारत 18 जीत के साथ न्यूजीलैंड से आगे है, जबकि न्यूजीलैंड ने 11 मुकाबले जीते हैं। न्यूजीलैंड ने भारत के साथ टी-20 विश्व कप के अपने पिछले तीनों मुकाबलों में जीत हासिल की है।

0000000000000000000000

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ नमस्कार!**